**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**30.01.2026 / प्रादेशिक समाचार / 15:00बजे**

**प्रधानमंत्री**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत–यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौता भारत को एक विकसित देश बनाने के दृष्टिकोण से पूरी तरह से मेल खाता है। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के लेख को साझा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार ने एक ऐसा क्रांतिकारी समझौता किया है जो बाजारों का विस्तार करता है, रोजगार सृजित करता है और देश के मूल हितों की रक्षा करता है। पीयूष गोयल ने लेख में कहा कि भारत–यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते का सफल समापन एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। उन्होंने बताया कि कैसे यह व्यापार समझौता अर्थव्यवस्था के प्रमुख क्षेत्रों को मजबूत करेगा और समृद्धि को बढ़ावा देगा, क्योंकि इससे हर क्षेत्र और नागरिक को लाभ मिलेगा।

**मुकेश अग्निहोत्री**

उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि पंचायत स्तर पर सुदृढ़ अधोसंरचना ही ग्रामीण विकास की वास्तविक रीढ़ होती है। ऊना जिला के हरोली विधानसभा क्षेत्र के बढ़ेड़ा में नवनिर्मित पंचायत सामुदायिक केंद्र के उद्घाटन अवसर पर उन्होंने कहा कि इसके निर्माण के लिए राज्य सरकार द्वारा कुल एक करोड़ रुपये से अधिक की राशि उपलब्ध करवाई गई। उपमुख्यमंत्री ने पंचायत में आपसी एकजुटता से हुए विकास कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि सामूहिक सहभागिता से ही क्षेत्र के सर्वांगीण विकास को गति मिलती है। उन्होंने बताया कि हरोली विधानसभा क्षेत्र में एक सौ 32 करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न पुलों का निर्माण कार्य भी प्रगति पर है।

**शहीदी दिवस**

शहीद दिवस के अवसर पर आज देश में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को उनकी 78वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। नई दिल्ली के राजघाट स्थित महात्मा गांधी की समाधि पर सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उप–राष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महात्मा गांधी के स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की। सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि गांधी जी ने स्वदेशी पर हमेशा विशेष बल दिया, जो विकसित और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प का एक मूलभूत स्तंभ है। नरेंद्र मोदी ने कहा कि गांधी जी का व्यक्तित्व और उनका कार्य देशवासियों को सदा कर्तव्य के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करता रहेगा। गौरतलब है कि प्रत्येक वर्ष 30 जनवरी को महात्मा गांधी के जीवन और विरासत को याद किया जाता है, जो देश के स्वतंत्रता संग्राम के मार्गदर्शक थे। इधर प्रदेश में भी विभिन्न स्थानों पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्य तिथि पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। शिमला के रिज मैदान पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, प्रदेश कांग्रेस प्रभारी रजनी पाटिल और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार सहित अन्य कांग्रेस नेताओं ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

**प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना**

चम्बा जिला में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना चरण चार के अंतर्गत चंबा विधानसभा क्षेत्र की 14 ग्रामीण सड़कों के निर्माण के लिए केंद्र सरकार द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई है। ज़िले के ग्रामीण क्षेत्रों को जोड़ने वाली इन सड़कों की कुल लंबाई 55 किलोमीटर है और इनके निर्माण पर लगभग 80 करोड़ रुपये की राशि खर्च होगी।

**कार्यशाला**

केंद्र सरकार के नक्शा प्रोजैक्ट के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए नगर निगम सोलन में आज एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए सहायक बंदोबस्त अधिकारी नरेंद्र चौहान ने बताया कि नक्शा प्रोजैक्ट के तहत ज़िले में नगर निगमों के नक्शे ड्रोन के माध्यम से बनाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इससे पारदर्शी तरीके से नक्शे बनेंगे और अवैध भवनों, रास्तों व भविष्य में बनने वाले अवैध भवनों की जानकारी मिलेगी।

-----------------------------------------------------------------------------------------------